डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2022/1854 दिनांकः 13 जून, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून, 2022 की कार्ययोजना**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक के संबंध में आयुष अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 2031/96-आयुष-1-2022-87/2018टी दिनांक 10 जून, 2022(प्रति संलग्न) द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा **''मन की बात''** कार्यक्रम में तथा देश के सभी सरपंचों के सम्बोधन में योग के महत्व पर बल देते हुए इसको **''वसुधैव कुटुम्बकम''** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया है, जिसके दृष्टिगत आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2022) की थीम **''मानवता के लिए योग''** (Yoga for Humamity) घोषित की गयी है। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ के पावन अवसर पर पूरे देश में मनाये जा रहे **''आजादी का अमृत महोत्सव, 2022''** के अवसर पर देश के 25 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का संकल्प लिया गया है जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश से 3.5 करोड़ लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति हेतु **''अमृत योग सप्ताह''** के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

अतः कृपया उक्त से अवगत होते हुए कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी की अपेक्षा अनुरूप **''अमृत योग सप्ताह''** (दिनांक 14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं **''अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून, 2022''** का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए शासन द्वारा पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर साक्ष्य सहित कृत कार्यवाही से विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे तद्नुसार शासन को अवगत कराया जा सके।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

**महत्वपूर्ण**

**संख्या–2031/96–आयुष–1–2022–87/2018टी०**

**प्रेषक,**

**दुर्गा शंकर मिश्र,**
**मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| 1. समस्त अपर मुख्य सचिव /प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन। | 2. समस्त मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश। | 3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश। |
| 4. निदेशक, आयुर्वेद सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ। | 5. निदेशक, यूनानी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | 6. निदेशक, होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |

**आयुष अनुभाग : 1** **लखनऊ :** **दिनॉक : 10 जून, 2022**

**विषय : अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 की कार्य योजना।**

**महोदय/महोदया,**

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा **"मन की बात"** कार्यक्रम में तथा देश के सभी सरपंचों के संबोधन में योग के महत्व पर बल देते हुये इसको **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एकसाथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया है, जिसके दृष्टिगत आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून, 2022 ) की थीम **"मानवता के लिये योग"** **(Yoga for Humanity)** घोषित की गई है। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगॉठ के पावन अवसर पर पूरे देश में मनाये जा रहे **"आजादी का अमृत महोत्सव–2022"** के अवसर पर देश के **25 करोड़** लोगों को योग से जोड़े जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश से **3.5 करोड़** लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति हेतु **"अमृत योग सप्ताह"** के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन निम्नवत् किया जाना है :

(1) प्रत्येक जनपद में कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निम्नलिखित समिति का गठन किया जायेगा:

- जिलाधिकारी – अध्यक्ष
- मुख्य विकास अधिकारी/नगर आयुक्त – सदस्य
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक – सदस्य
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी – सदस्य
- जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी/क्रीड़ा अधिकारी – सदस्य
- जिला होम्योपैथिक अधिकारी – सदस्य
- गैर सरकारी योग संस्थाओं के प्रतिनिधि – सदस्य
- क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी – संयोजक सदस्य

यह समिति **अमृत योग सप्ताह** के अन्तर्गत जनपद के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, वार्ड, तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, महाविद्यालय, चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, प्राविधिक शिक्षा महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, आयुष चिकित्सालयों, हैल्थ वेलनेस सेण्टर, योग वेलनेस सेण्टर आदि स्थानों पर योग के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रमों का माइक्रो प्लान तैयार कराकर संचालित किया जाना सुनिश्चित करायेगी।

(2) आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर दिनांक 14 जून, 2022 को **अमृत योग सप्ताह** का शुभारम्भ किये जाने हेतु समस्त जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। जिसमें जनपद के मा0 सांसद, मा0 मंत्री, मा0 विधायक एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर, उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाये।

कार्यक्रमों में आने वाले योगाभ्यासियों द्वारा अपने घर के सदस्यों एवं अन्य को भी योग करने हेतु प्रेरित किया जायेगा। अमृत योग सप्ताह एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण **"आयुष कवच ऐप"(Ayush Kawach App)** अथवा **http://ays.ayushkavach.com** पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड किया जायेगा। अतः उक्त ऐप एवं वेबसाइट का व्यापक प्रचार–प्रसार कर जनसामान्य को अवगत कराया जाय।

(3) जनपद में कार्यरत निम्नलिखित विभिन्न संस्थानों के प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद/ब्लॉक/पंचायत स्तर पर आयोजित सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जैसे :

1. योग वेलनेस सेण्टर –योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक
2. हैल्थ वेलनेस सेण्टर –योग प्रशिक्षक (अंशकालिक) पुरूष/महिला
3. यू0पी0 नेचुरोपैथी, योग टीचर्स एण्ड फिजिशियन एसोसिएशन
4. पं0 दीनदयाल उपाध्याय योग संस्थान
5. पतंजलि योग संस्थान
6. गायत्री परिवार
7. सूर्या इंटरनेशनल फाउंडेशन
8. आर्ट ऑफ लिविंग
9. ब्रह्मकुमारी
10. आई0एन0ओ0
11. युवक/महिला मंगल दल

(4) मा0 प्रधानमंत्री जी की मंशा को ध्यान में रखते हुये **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से इस बार सभी गॉवों में अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के लिये क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों को अमृत योग सप्ताह एवं आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाय।

(5) माइक्रो प्लान के अनुसार योग प्रशिक्षकों द्वारा जनपद में स्थित सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महाविद्यालय, चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, प्राविधिक शिक्षा महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा एवं उन्हें अपने परिवार एवं अन्य को भी योग से जोड़ने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

(6) विभिन्न सरकारी एवं सहकारी विभागों/संस्थाओं को चिन्हित करके उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को योग का सामूहिक योगाभ्यास कराया जाये। इसके अतिरिक्त समस्त को मुख्य कार्यक्रम में भी सम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया जाये।

(7) एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, स्काउट गाइड, प्रान्तीय रक्षा दल, आँगनबाडी, एन0जी0ओ0 व अन्य को योग ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित करते हुये सामूहिक आयोजनों में इनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

(8) योगाभ्यास के लिये जनपद/क्षेत्र के किसी प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे एवं प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों को, पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चयन में प्रमुखता दी जाये।

(9) योगाभ्यास के लिये ऐसे स्थलों का चयन किया जाय जहॉ पर सभी लोग एकत्रित होकर सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर सकें। आयोजन से संबंधित तस्वीरों को आयुष कवच एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से साझा किया जाये, जिससे और सभी लोग भी प्रेरणा लेकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना सकें।

(10) कार्यक्रमों में **"कोविड प्रोटोकाल"** का पालन किया जाये।

(11) अमृत योग सप्ताह के कार्यक्रमों में वृहद् स्तर पर जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु विभिन्न समाचार पत्रों, होर्डिंग, बैनर, अन्य सोशल मीडिया नेटवर्कों के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाये।

(12) ऐसे जनपद जो योगाभ्यास कार्यक्रम में योगाभ्यासियों की अधिकतम सँख्या, अभिनव थीम एवं अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करेगें, उनमें से सर्वोत्तम तीन जनपदों को पुरस्कृत किया जायेगा।

**उक्त कार्यक्रमों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इसमें प्रतिभागियों की संख्या अधिकाधिक हो। प्रतिभागियों का जनपदवार लक्ष्य संलग्नक परिशिष्ट–1 के रूप में संलग्न है।**

2. उल्लेखनीय है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 के विभागीय आय व्ययक में बजट प्राविधानित है। बजट आवंटन के संबंध में पृथक से आदेश निर्गत किये जा रहे हैं।

3. अतः वर्णित स्थिति में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मा0 प्रधानमंत्री जी की अपेक्षानुरूप **"अमृत योग सप्ताह"** (दिनांक 14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं **"अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022"** का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर जन सामान्य को योग क्रिया से लाभान्वित/जागरूक कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

**संलग्नक : यथोपरि।**

**भवदीय,**

10/06/2022

**(दुर्गा शंकर मिश्र)**
**मुख्य सचिव।**

**संख्या :2031(1)/96–आयुष–1–2022 तद्दिनांक :**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

(1) अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
(2) प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) निजी सचिव, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(4) राज्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–एम–16011/29/2022–वाईएन, दिनांक–07.06. 2022 के संदर्भ में।
(5) निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(6) समस्त उप पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
(7) समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश।
(8) गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**(प्रशान्त त्रिवेदी)**
**अपर मुख्य सचिव**

शासनादेश संख्या– 2031/96–आयुष–1–2022–87/2018टी.सी., दिनांक : 10.06.2022 का संलग्नक

| अमृत योग सप्ताह 14 जून से 20 जून एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 में जनपदवार प्रतिभागियों का निर्धारित लक्ष्य ( लाख में ) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | जनपद | लक्ष्य | क्र. सं. | जनपद | लक्ष्य | क्र. सं. | जनपद | लक्ष्य |
| 1 | प्रयागराज | 9 | 26 | गोंडा | 6 | 51 | मैनपुरी | 3 |
| 2 | मुरादाबाद | 8 | 27 | रायबरेली | 6 | 52 | सोनभद्र | 3 |
| 3 | गाजियाबाद | 8 | 28 | बाराबंकी | 6 | 53 | अमरोहा | 3 |
| 4 | आजमगढ़ | 8 | 29 | बलिया | 6 | 54 | बाँदा | 3 |
| 5 | लखनऊ | 8 | 30 | प्रतापगढ़ | 5 | 55 | अमेठी | 3 |
| 6 | कानपुर नगर | 8 | 31 | उन्नाव | 5 | 56 | कानपुर देहात | 3 |
| 7 | जौनपुर | 8 | 32 | देवरिया | 5 | 57 | एटा | 3 |
| 8 | सीतापुर | 8 | 33 | शाजहांपुर | 5 | 58 | संत कबीर नगर | 3 |
| 9 | बरेली | 8 | 34 | महाराजगंज | 5 | 59 | जालौन | 3 |
| 10 | गोरखपुर | 8 | 35 | फतेहपुर | 5 | 60 | कन्नौज | 3 |
| 11 | आगरा | 8 | 36 | सिद्धार्थनगर | 4 | 61 | गौतमबुद्धनगर | 3 |
| 12 | मुजफ्फर नगर | 7 | 37 | मथुरा | 4 | 62 | कौशाम्बी | 3 |
| 13 | हरदोई | 7 | 38 | फिरोजाबाद | 4 | 63 | इटावा | 3 |
| 14 | लखीमपुर खीरी | 7 | 39 | मिर्जापुर | 4 | 64 | भदोही | 3 |
| 15 | सुल्तानपुर | 6 | 40 | अयोध्या | 4 | 65 | हाथरस | 3 |
| 16 | बिजनौर | 6 | 41 | बस्ती | 4 | 66 | कासगंज | 2 |
| 17 | बदायूं | 6 | 42 | अम्बेडकरनगर | 4 | 67 | औरैया | 2 |
| 18 | वाराणसी | 6 | 43 | रामपुर | 4 | 68 | बागपत | 2 |
| 19 | अलीगढ़ | 6 | 44 | मऊ | 4 | 69 | ललितपुर | 2 |
| 20 | गाज़ीपुर | 6 | 45 | बलरामपुर | 4 | 70 | शामली | 2 |
| 21 | कुशीनगर | 6 | 46 | पीलीभीत | 3 | 71 | श्रावस्ती | 2 |
| 22 | बुलंदशहर | 6 | 47 | झांसी | 3 | 72 | हमीरपुर | 2 |
| 23 | बहराइच | 6 | 48 | चंदौली | 3 | 73 | चित्रकूट | 2 |
| 24 | सहारनपुर | 6 | 49 | संभल | 3 | 74 | महोबा | 2 |
| 25 | मेरठ | 6 | 50 | फर्रुखाबाद | 3 | 75 | हापुड़ | 2 |
| कुल योग - 3.5 करोड़ । | | | | | | | | |

(शैलेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव ।